S.T.D. 0581
2527263, 2521122
2527282, 2523378

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक : रू.वि./कु.स.का./ऑ.प्र./2022/ 53 | दिनांक : 01.11.2022

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्ब) महाविद्यालय,
एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषय :- सत्र 2022-23 में संस्थागत प्रवेश हेतु ऑनलाईन प्रवेश किये जाने के सम्बन्ध में,

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय से सम्ब) राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों में सत्र 2022-23 के संस्थागत प्रवेश हेतु (प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होने वाले प्रवेश को छोड़कर) स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष के विभिन्न पाठ्यक्रमों जैसे **बी.ए./बी.एस.सी/बी.कॉम./बी.बी.ए./बी.सी.ए./बी.एस.सी. (कृषि/आनर्स/माइक्रोबायोलॉजी/बायोटेक्नोलॉजी/कम्प्यूटर साइंस/गृह विज्ञान)/बी.कॉम.(आनर्स/कम्प्यूटर/वित्त/वित्तीय सेवा), बी.लिब./विधि (पंचवर्षीय), बी.एल.एड. एवं विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रम** हेतु ऑनलाईन पंजीकरण दिनांक 30.09.2022 निर्धारित थी। ऑनलाईन पंजीकरण हेतु शुल्क रू. 400/-, जो किसी भी बैंक के डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिग/यूपीआई के माध्यम से किया जा सकता है, के साथ अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये दिनांक 01.11.2022 से पहले आओ पहले पायो के आधार पर विस्तारित की जाती है। विस्तृत विवरण/निर्देश विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.mjpru.ac.in/Online Admission पर उपलब्ध है। स्नातक स्तर पर प्रवेश हेतु ऑनलाईन प्रवेश सुनिश्चित किये जाने की तिथियाँ निम्नवत् है :-

विश्वविद्यालय पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि	:	01.11.2022
विश्वविद्यालय पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीकरण की अन्तिम तिथि	:	05.11.2022
उ.प्र. शासन/विश्वविद्यालय एवं अन्य नियामक संस्थाओं के नियमों तथा आरक्षण हेतु निर्धारित नियमों के अधीन प्रवेश सुनिश्चित करने की अन्तिम तिथि	:	10.11.2022

महाविद्यालयों द्वारा ऑनलाईन प्रवेश किये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश निम्नवत हैं :-

1. **समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यो से अनुरोध है कि वह अभ्यर्थियों की इच्छा के विरूद्ध, धोखे से अथवा जबरदस्ती उनका प्रवेश अपने महाविद्यालय में कदापि सुनिश्चित न करें।**

2. महाविद्यालयों को यह सुनिश्चित करना होगा कि शासन के निर्देशानुसार प्रवेश सम्बन्धी समस्त प्रक्रिया महाविद्यालय स्तर पर ऑनलाईन सम्पन्न करायी जायेगी एवं अन्तिम तिथि की समाप्ति के पश्चात् 03 कार्य दिवस में प्रवेशित छात्रों की सूची अपने लॉगिन से डाउनलोड कर समन्वयक ऑनलाईन प्रवेश सूची को जमा कराया जाना सुनिश्चित करेगें।

3. महाविद्यालयों का यह उत्तरदायित्व होगा कि यथाशीघ्र वह न्यूनतम समय में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करते हुये यथासमय अन्तिम तिथि से पूर्व ही प्रवेशित छात्र छात्राओं का प्रवेश सुनिश्चित (Lock) कर लें। इसके पश्चात् प्रवेश की अनुमति सम्भव नहीं होगी।

4. छात्र अपने आवेदन पत्र में हुयी त्रुटियों के संशोधन हेतु बेवसाईट पर प्रदर्शित ई-मेल पर मेल कर सकते हैं।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. समन्वयक, ऑनलाईन प्रवेश 2022-23।
2. मीडिया प्रभारी, एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।
3. प्रभारी, ऑनलाईन प्रवेश एजेन्सी।
4. निजी सचिव, कुलपति।
5. वै.सहा., कुलसचिव।
6. प्रभारी, विश्वविद्यालय बेवसाईट।

कुलसचिव